प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
04.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

पहले मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा—नवाचार व अनुसंधान को सुगम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है सरकार।
- शिमला शहर में निजी बस चालाक व परिचालक यूनियन ने हड़ताल ली वापिस—सामान्य हुई बसों की आवाजाही।
- अतंर्राष्ट्रीय लवी मेले के उपलक्ष्य पर रामपुर में अश्व प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र।
- अतंर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी रेणुका ठाकुर को एक करोड़ रूपए का पुरस्कार देगी राज्य सरकार।
- मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आज से करवट ले सकता है मौसम—कुछ क्षेत्रों में वर्षा की संभावना।

पीएम—ईएसटीआईसी 2025

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अब प्रौद्योगिकी का सिर्फ एक उपभोक्ता नहीं, बल्कि यह प्रौद्योगिकी परिवर्तन का नेता बन चुका है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में उभरते विज्ञान व प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेनलन 2025 के उद्घाटन अवसर पर नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार देश में नवाचार का आधुनिक तंत्र निर्मित करने के लिए अनुसंधान को सुगम बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट अप पारिस्थितिकी तंत्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि देश में छह हजार से अधिक डीप—टेक स्टारर्ट अप स्वच्छ ऊर्जा और उन्नत मैटेरियल जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

निजी बस

शिमला शहर में निजी बस चालकों व परिचालक यूनियन ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म कर दी है। कल देर शाम परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में मांगों पर सहमति बनने के बाद यूनियन ने हड़ताल वापिस लेने का फैसला लिया। आज सुबह से शहर में निजी बसों का संचालन सामान्य रूप से हो रहा है। पिछले कल शहर में निजी बसों की हड़ताल से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा था।

## अश्व प्रदर्शनी

शिमला जिला के रामपुर बुशहर में 11 से 14 नवंबर तक मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय लवी मेले के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय अश्व प्रदर्शनी आयोजित की गई। अंतरराष्ट्रीय लवी मेला प्रदेश की व्यापारिक, सांस्कृतिक व पशुपालन परंपरा का जीवंत प्रतीक है और अश्व प्रदर्शनी इस मेले का अभिन्न हिस्सा है।

डिस्पैच–शिमला जिला के रामपुर बुशहर में लवी मेले के उपलक्ष्य में आयोजित अश्व प्रदर्शनी के दौरान 2 सौ 82 नस्ल के घोड़े आकर्षण का केंद्र बने। जिसमें विशेष रूप से चामुर्थी नस्ल के अश्व शामिल थे। प्रतिभागियों ने अपने अश्वों की चाल, शक्ति, सौंदर्य, संतुलन और प्रशिक्षण कौशल का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी के दौरान करीब 1 सौ 50 पशुओं की बिक्री भी हुई। इस दौरान विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले पशुपालकों, प्रशिक्षकों व प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। रामपुर बुशहर की अश्व प्रदर्शनी का इतिहास सदियों पुराने लवी मेले की परंपरा से जुड़ा है और कहा जाता है कि लवी मेला उस एतिहासिक व्यापारिक संधि की याद में मनाया जाता है, जो रामपुर बुशहर और तिब्बत के बीच हुई थी। उस समय घोड़े, ऊन, नमक व अन्य वस्तुओं का आदान–प्रदान व्यापार का प्रमुख हिस्सा था और इसी व्यापारिक पंरपरा के संरक्षण के उदेश्य से अश्व प्रदर्शनी की शुरूआत की गई थी।

## सम्मेलन

चंबा जिला के ऐतिहासिक भूरी सिंह संग्रहालय की 117वीं वर्षगांठ पर हिमालयन लेगेसीज़ राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। भूरी सिंह संग्रहालय और नॉट ऑन मैप संस्था की ओर से आयोजित इस सम्मेलन का शुभारम्भ हिमाचल प्रदेश राज्य संग्रहालय के क्यूरेटर डॉ हरी चौहान ने किया। सम्मेलन में 9 राज्यों से आए 20 प्रख्यात विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय सम्मेलन में ऐतिहासिक व्याख्यानों, स्वदेशी भाषाओं के संरक्षण, लोक परम्पराओं और सतत् सांस्कृतिक प्रथाओं पर चर्चा की जा रही है।

## पंडोह डैम

मंडी जिले में स्थित बी.बी.एम.बी. के पंडोह जलाशय का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए बांध से किसी भी समय अतिरिक्त पानी छोड़ा जा सकता है। बी.बी.एम.बी. प्रशासन ने ब्यास नदी के किनारे रहने वाले मंडी, कांगड़ा व हमीरपुर जिलों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

क्रिकेट–राशि

बी.सी.सी.आई. ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और चयन समिति को इतिहास में पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि के सम्मान में 51 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। बी.सी.सी.आई. ने एक बयान में कहा कि सहयोगी स्टाफ और प्रत्येक हितधारक ने देशभर के लाखों प्रशंसकों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए असाधारण प्रदर्शन किया है। इधर महिला क्रिकेट टीम की सदस्य और हिमाचल के शिमला जिले के रोहड़ू की बेटी रेणुका ठाकुर को राज्य सरकार ने एक करोड़ रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये एलान किया।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों बिलासपुर और सुंदरनगर में कोहरा छाने से दृश्यता प्रभावित हुई है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, मंडी और कांगड़ा जिलों में गरज के साथ वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

रेणुका मेला

मां–पुत्र के मिलन के प्रतीक का अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला इन दिनों हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सिरमौर जिले के इस अंतरराष्ट्रीय रेणुका जी मेले में हिमाचल के अलावा बाहरी राज्यों उतराखण्ड, हरियाणा व पंजाब से लोग यहां भगवान परशुराम और माता रेणुका के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मेले के दौरान लोग भगवान परशुराम जी को अनाज चढ़ाने के बाद अगली बार फसल के अच्छे उत्पादन की कामना करते हैं।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–धर्मशाला में इसी महीने शीत सत्र की तैयारी, आठ बैठकें होंगी। पंजाब केसरी के शब्द हैं–शैक्षणिक दबाव कम करने के लिए अब 10वीं कक्षा की साल में दो बार होगी परीक्षा। दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–हिमाचल में बीएड की 2 हजार 8 सौ 1 सीटें खाली–एचपीयू को लगेगा करोड़ों का झटका।

हिमाचल दस्तक का शीर्षक है—चडीगढ़ के समीप नई टाउनशिप विकसित करेगी सुक्खू सरकार। जबकि दैनिक सवेरा टाइम्स व आपका फैसला ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है—चंडीगढ़ के निकट नई टाउनशिप विकसित करने की संभावनाएं तलाशे हिमुडा। विश्व विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य रेणुका ठाकुर के लिए पुरस्कार राशि की घोषणा पर दैनिक जागरण की सुर्खी है—रेणुका को एक करोड़ देगी हिमाचल सरकार।

"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा—नवाचार व अनुसंधान को सुगम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है सरकार।
- शिमला शहर में निजी बस चालाक व परिचालक यूनियन ने हड़ताल ली वापिस—सामान्य हुई बसों की आवाजाही।
- अतंर्राष्ट्रीय लवी मेले के उपलक्ष्य पर रामपुर में अश्व प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र।
- अतंर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी रेणुका ठाकुर को एक करोड़ रूपए का पुरस्कार देगी राज्य सरकार।
- मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आज से करवट ले सकता है मौसम—कुछ क्षेत्रों में वर्षा की संभावना।

---

---